वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 232 शनिवार 17 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

टी.एन. मिश्रा अचीवमेंट अवार्ड समारोह

## शिक्षा में गुणवत्ता से जुड़ी प्रतिस्पर्द्धा के लिए हो अधिकाधिक कार्य: राज्यपाल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता से जुड़ी प्रतिस्पर्द्धा के लिए अधिकाधिक कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा से जुड़ी गुणवत्ता पर ही सर्वाधिक जोर दिया गया है। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं को नई पीढ़ी को भारत के अतीत के गौरव का भान कराते हुए संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़े जाने का आह्वान किया। मिश्र शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र के सभागार में आयोजित **"स्व. टी.एन. मिश्रा अचीवमेंट अवार्ड समारोह"** में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसी गति से युवाओं को आत्मनिर्भरता के लिए सभी स्तरों पर प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को इस संबंध में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें प्रारम्भिक शिक्षा से ही व्यावसायिक कौशल, उद्यमिता से नई पीढ़ी को जोड़े जाने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने सेंट्रल एकेडेमी के तहत आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कौशल विकास के अधिकाधिक केंद्र विकसित किए जाने पर भी जोर दिया। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि संविधान के मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों के लिए भी सभी को प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी से देश में सद्भाव, सामंजस्य और स्वस्थ जीवन परम्पराएं कायम रह सकती है। उन्होंने संविधान में उकेरे चित्रों की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारी संस्कृति का प्रतीक चिन्ह है। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं को संविधान से जुड़े संस्कारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने का भी आह्वान किया।




सीएम फेस पर बोलीं राजे

## पार्टी जो भी डिसिजन करेगी वो ठीक होगा



**जयपुर. कासं**

राजस्थान में भाजपा का सीएम फेस कौन होगा, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। मगर सीएम फेस को लेकर नेताओं के बयान सामने आते रहे हैं। अब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सीएम फेस को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो बहुत क्लीयर है। डिसिजन होगा जो भी होगा ठीक होगा और पूरी पार्टी साथ मिलेगी। कांग्रेस सीएम फेस को लेकर कन्फ्यूजन है। अभी तक सभी अपने-अपने चुनाव में इन्वॉल्व थे। एक साल बचा है। सब साथ चलेंगे और मुझे विश्वास है कि भाजपा बहुत जोरदार तरीके से जीत रही है। उप चुनाव में हार को लेकर राजे ने कहा कि हार-जीत होती है।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय नरोत्तम लाल जोशी को विधानसभा में पुष्पाजंलि



**जयपुर. कासं।** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय नरोत्तम लाल जोशी को उनकी जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। विधानसभा कें सरकारी मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, पूर्व विधायक नवरंग सिंह एवं स्वर्गीय जोशी के परिजनों सहित विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव पुरूषोतम शर्मा व विधान सभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के चित्र पर पुष्पार्जलि अर्पित की।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने कहा...

## आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना हमारी पहली प्राथमिकता

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा कि जल गुणवत्ता बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए विभाग के इंजीनियर्स तथा रसायनज्ञों को साथ मिलकर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। डॉ. अग्रवाल शुक्रवार को राज्य स्तरीय प्रयोगशाला के चार दिवसीय जल गुणवत्ता कार्यक्रम के प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में विभाग के रसायनज्ञों को सम्बोधित कर रहे थे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभाग के रसायनज्ञों एवं तकनीकी कर्मचारियों को एन.ए.बी.एल. निरंतरता तथा जल गुणवत्ता के लिए प्रयुक्त होने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में नीरी,




नागपुर के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में नीरी, नागपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रणव, डॉ. पवन तथा डॉ. अतुल ने गुणवत्ता के बारे में एवं नवीनतम जांच उपकरणों तथा विश्लेषण विधियों के बारे में बताया गया। राज्य प्रयोगशाला में कुल चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिनमें करीब 40 रसायनज्ञों तथा तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया।



# DJSGF डान्स के सितारे सीज़न-3: रीज़न स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

## 7 जनवरी को उज्जैन में होगा मेगा ग्रांड फिनाले 45 वर्ष से ऊपर ग्रुप में श्रीमती मंजू ठोलिया सन्मति ग्रुप प्रथम स्थान पर रही...

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर का हमेशा उद्देश्य रहा है कि समाज की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारा जाए और समाज के सम्मुख लाकर उनमें एक जोश एवं उमंग जगा कर अपनी प्रस्तुतियां देने की क्षमता विकसित की जाय ।इसी भावना को ध्यान में रख कर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा आयोजित Bank of Baroda द्वारा प्रायोजित अखिल भारतवर्षीय नृत्य प्रतियोगिता डांस के सितारे सीजन 3 का रीजन स्तरीय मुकाबला दिनांक 15 दिसंबर 2022 को इंद्रलोक सभागार भट्टरकजी की नसिया जयपुर में सांय 7:00 से आयोजित किया गया । कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने मनमोहक , आकर्षक , शानदार प्रस्तुतियां दी । उपस्थित सभी सदस्यों ने उनकी प्रस्तुतियों की खूब खूब प्रशंसा की । कार्यक्रम संयोजक मनीष सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मंगलाचरण व कार्यक्रम के मुख्य स्पांसर बैंक ऑफ बड़ौदा के डिप्टी रीजनल हेड रजनीकांत कुमावत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सभी उपस्थित गौरवमयी अतिथियों का स्वागत तिलक , माला , दुपट्टा प्रशस्ति से किया गया। तत्पश्चात रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या द्वारा सभी उपस्थित महानुभावो का स्वागत व आत्मीय अभिनंदन किया गय। रीजन महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि डांस के सितारे सीजन 3 प्रतियोगिता में एकल नृत्य 8 से 18 वर्ष मे चाबी जैन वात्सल्य ग्रुप प्रथम व मानस जैन वीर ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे, 18





वर्ष से 45 वर्ष तक ग्रुप में अंकिता जैन संगनी फॉरएवर ग्रुप, प्रथम स्थान पर तथा निशा जैन वीर ग्रुप द्वितीय स्थान पर रही ।45 वर्ष से ऊपर ग्रुप में मंजू ठोलिया सन्मति ग्रुप प्रथम स्थान पर तथा साधना गोधा नवकार ग्रुप द्वितीय स्थान पर रही । कपल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परअंकित एवं कोमल जैन वीर ग्रुप तथा प्रमोद एवं सोनल जैन सोनी डायमंड ग्रुप दूसरे स्थान पर रहे । समूह नृत्य ग्रुप में वीर ग्रुप के निशा , कोमल , कशिश , शिल्पा जैन विजेता रहे ।छोटे छोटे बच्चों में युग जैन सार्थक जैन सौगानी, itanshi जैन, ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी एवं सभी उपस्थित अपार जनसमूह का दिल जीता। सभी विजेताओं को व उप विजेताओं को आकर्षक विजेता व उप विजेता ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागियों को यादगार स्वरूप आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई ।प्रतियोगिता के निर्णायक गण गौरव महर्षि एवं श्रीमती शालिनी भार्गव द्वारा सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग विधाओं में नंबर देकर प्रथम व द्वितीय स्थान का चयन किया। रीजन कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन ने बताया कि महेंद्र कुमार पाटनी राष्ट्रीय वरिष्ठ परामर्शक , अनिल कुमार जैन आईपीएस रीजन संस्थापक अध्यक्ष, प्रतियोगिता के राष्ट्रीय चेयरमैन सुरेंद्र कुमार पांड्या, राष्ट्रीय मुख्य संयोजक नवीन सेन जैन, राष्ट्रीय को चेयरमैन श्रीमती शशि सेन जैन, राष्ट्रीय संयोजक यश कमल अजमेरा, श्रीमती संगीता अजमेरा, श्रीमती सीमा बड़जात्या की गरिमामय उपस्थिति रही । इस प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता प्रतिभागी 7 जनवरी को उज्जैन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मेगा फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन नीरज जैन व सुनीता गंगवाल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक मनीष सोगानी ने लेपटोप पर सभी प्रतिभागियों के गाने चलाकार कार्यक्रम को बाँधकर रखा। वीर ग्रुप, पिंक पर्ल ग्रुप, वात्सल्य ग्रुप डायमंड ग्रुप , गुलाबी नगर ग्रुप, संगिनी फॉरएवर ग्रुप , सन्मति ग्रुप के प्रतिभागी सदस्य ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया ।जयपुर मेन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार जैन सचिव महेंद्र छाबड़ा, गुलाबी नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार बज सचिव विनोद कुमार बड़जात्या नवकार ग्रुप के सचिव मोहनलाल गंगवाल, डायमंड ग्रुप के अध्यक्ष प्रमोद सोनी व सचिव रमेश छाबड़ा,वात्सल्य ग्रुप निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश लुहाडिया अध्यक्ष अनिल टोंगिया पिंक पर्ल ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष मनीष सोगानी अध्यक्ष राजेश चौधरी, संगिनी फॉर फॉरएवर ग्रुप की अध्यक्षा शकुंतला जी जैन सचिव सुनीता गंगवाल, सम्यक ग्रुप के संस्थापक महावीर बिनायका सचिव इंद्र कुमार जैन, वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन सचिव पंकज जैन, सन्मति ग्रुप के सचिव अनिल रावका की ओजस्वी उपस्थिति रही।

# विद्या नृत्यांजलि अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के फिनाले राउण्ड का भव्य आयोजन सम्पन्न





**सुरत/जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष में संपूर्ण विश्व के जैन समाज के युवा कलाकारों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से निर्यापक मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज, मुनि श्री 108 पूज्य सागर जी महाराज, ऐलक श्री 105 धैर्य सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 गंभीर सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से व श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल समाज सूरत के सहयोग से विद्या नृत्यांजलि अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के फिनाले राउण्ड का आयोजन वीर नरमद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी,सूरत के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजक राजीव भूच व संजय गदिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संपूर्ण देश से टॉप 10 प्रतिभागियों का चयन कर उनकी आचार्य श्री के प्रति गुरु भक्ति को दशार्या गया। श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल समाज की लगभग 200 महिलाओं द्वारा आचार्य श्री जी की भाव पूजा की गई।कार्यक्रम की शोभायमान मुख्य अतिथि वृति श्राविका शिरोमणि श्रीमति सुशीला पाटनी (आर.के.मार्बल ग्रुप) रही व तरुण रजनी काला, हुकुम चंद जैन, सेठ विनोद कामरा, श्रीमति शीला डोडिया, श्रीमति शालिनी बाकलीवाल, संगीतकार अवशेष जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सम्पूर्ण देश से आये टॉप 10 प्रतिभागियों ने आचार्य श्री के सार्वभौमिक सिद्धान्तों को अपने नृत्य के माध्यम से दर्शकों के सामने उजागर किया व सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक अपनी खूबसूरत प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार निधि आलासे (कोल्हापुर), द्वितीय पुरुस्कार श्रद्धा भारती जैन (देहरादून), तृतीय पुरुस्कार खुशी जैन (भिलाई) ने प्राप्त किया है। सम्पूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन अजय जैन,मोहनबाड़ी द्वारा किया गया।

# गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज आज अंकुर कॉलोनी में करेंगे मंगल प्रवेश



## वर्णी भवन मोरा जी में आचार्य श्री के सानिध्य में होगा मुख्य पात्रों का चयन

**सागर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज संघ सहित चंद्रोदय तीर्थ चनाटोरिया से विहार करते हुए दीनदयाल कॉलोनी जैन मंदिर होते हुए, जैन मंदिर नेहा नगर मे आचार्य श्री की भव्य अगवानी की गई।आचार्य श्री के आगमन पर जगह-जगह रंगोली, पाद प्रक्षालन डीजे, बैंड पार्टी एवं बड़ी संख्या में जनसमूह शामिल हुआ। आचार्य श्री का 17 दिसंबर सुबह जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में भव्य प्रवेश होगा एवं 18 दिसंबर को वर्णी भवन मोरा जी मे मंगलगिरी में आयोजित विधान के मुख्य पात्रों का चयन होगा।

## 22 वर्षों के बाद हुआ नगर प्रवेश

आचार्य श्री के संघ में सागर नगर गौरव मुनि श्री विवर्धन सागर जी महाराज एवं आयिका विवक्त श्री माताजी 22 वर्षों बाद प्रवेश हो रहा है। पूर्व विधायक सुनील जैन ने लिया आशीर्वाद आज सुनील जैन पूर्व विधायक सागर ने आचार्य श्री के दर्शन करने नेहा नगर पहुंचे और आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया तथा विभिन्न विषय पर चर्चाएं की। मुनि सेवा समिति के सदस्य मनीष विद्यार्थी शाहगढ़ ने बताया की आचार्य श्री के सानिध्य में 1 फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक विरागोदय तीर्थ पथरिया जिला दमोह पंचकल्याणक एवं यति सम्मेलन संपन्न होगा जिसमें 300 साधु साध्वी का सानिध्य रहेगा। यति सम्मेलन का आयोजन 6 वर्ष में एक बार होता है।

# गांव पहाड़ी मे लायन्स क्लब द्वारा हुआ जर्सी वितरण कार्यक्रम



**निवाई. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब निवाई द्वारा शहीद रतनलाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में शुक्रवार छात्रों को जर्सी वितरण का कार्य किया। जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। लायन्स क्लब के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम क्लब के पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया इसके बाद विधालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गान की प्रस्तुति दी। जर्सी वितरण कार्यक्रम में क्लब द्वारा छात्र छात्राओं को 39 जर्सिया वितरित की गई जिसमें छात्रों के चेहरे खिल उठे। जौंला ने बताया कि विधालय परिवार द्वारा क्लब के सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन सोगानी, अशोक सर्राफ, डॉ राहुल जैन, डॉक्टर अवधेश जैन, विमल जौंला, विनय कासलीवाल, विष्णु शर्मा एवं स्थानीय विद्यालय के गुरुजन एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# वेद ज्ञान

## सबसे खास है बुद्धि बल

पक्षियों की तरह मनुष्य आकाश में उड़ नहीं सकता, मछलियों की तरह जल में तैर नहीं सकता, हाथी के बराबर बोझ नहीं उठा सकता और शेर की तरह शक्तिशाली नहीं हो सकता। बावजूद इसके इस धरा पर वह सबसे सर्वश्रेष्ठ है। इसकी वजह यही है कि सिर्फ मनुष्य के पास बुद्धि बल है और इसकी बदौलत वह असंभव को भी संभव बना सकता है। मनुष्य की बुद्धि का ही कमाल है कि उसने नई-नई खोज करके मानव सभ्यता को श्रेष्ठतम ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। मनुष्य ने ऐसी-ऐसी चीजें विकसित कर दीं, जो कभी असंभव-सी लगती थीं। वैसे बुद्धि के कारण ही मनुष्य-मनुष्य के बीच भी भेद है। यानी जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल का जितना ज्यादा इस्तेमाल करता है, वह उतना अधिक प्राप्त करता है। मनुष्य अपनी बुद्धि की तीव्रता और सूक्ष्मता को अपने पुरुषार्थ से बढ़ा सकता है। मनुष्य की बुद्धि को न कोई चुरा सकता है और न ही कोई उसे छीन सकता है। बाकायदा बुद्धि ही मनुष्य के पास ऐसा धन है, जिसे बांटने पर यह बढ़ती जाती है। जो व्यक्ति अपने अर्जित किए गए ज्ञान को दूसरों के साथ नहीं बांटता है, उसकी बुद्धि सीमित होती जाती है। इसी प्रकार जो व्यक्ति अपनी बुद्धि का इस्तेमाल नहीं करता, वह हमेशा कष्टों में रहता है। बुद्धि के कारण मनुष्य कठिन विषयों को सरलता से समझ पाता है। बुद्धि बल से मनुष्य में सत्य-असत्य को जानने की क्षमता रहती है और उसके मन में किसी प्रकार का संदेह नहीं रहता। बुद्धि द्वारा व्यक्ति अपना, अपने समाज और राष्ट्र का कल्याण कर सकता है। चाणक्य का कहना है कि जिसके पास बुद्धि है, उसके पास हर प्रकार का बल है। बुद्धि बल से मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी हौसला बनाए रखता है। बुद्धि से मनुष्य में विवेक आ जाता है, जिससे वह सही-गलत का निर्णय कर सकता है। जबकि बुद्धि भ्रष्ट हो जाने पर व्यक्ति अपना भला-बुरा नहीं सोच पाता। गीता में कहा गया है कि विषयों का चिंतन करने वाले मनुष्यों की उन्हीं विषयों में आसक्ति हो जाती है। आसक्ति से उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पड़ने पर क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

# संपादकीय

## जहरीली शराब और मौत की घटनाएं

बिहार में शराबबंदी को सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती है। लेकिन राज्य में अगर जहरीली शराब पीने से अक्सर लोगों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हों तो उसके लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा? वहां छपरा जिले के मशरक और इसुआपुर के डोइला गांव में मंगलवार की रात शराब पीने के बाद कम से कम बीस लोगों की जान चली गई। स्वाभाविक ही इस घटना पर न केवल राज्य में व्यापक चिंता जताई जा रही है, बल्कि एक बार फिर सरकार सवालों के कठघरे में है कि अगर वह शराब पर प्रतिबंध को समाज के हित में मानती है तो उसे ठीक से लागू करना किसकी जिम्मेदारी है! विडंबना यह है कि पिछले कुछ सालों में जहरीली शराब पीकर लोगों के मरने की घटनाओं का सिलसिला चल रहा है, लेकिन सरकार इस त्रासदी पर काबू पाने का कोई ठोस रास्ता नहीं निकाल सकी है। होता बस यह है कि जब भी जहरीली शराब से मौतों की कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तब पुलिस-प्रशासन की ओर से सख्ती बढ़ाने की कवायद तेज कर दी जाती है, भविष्य में ऐसा नहीं होने देने का आश्वासन दिया जाता है। सच यह है कि कुछ दिनों की सक्रियता के बाद संबंधित महकमे शायद यह भूल जाते हैं कि इस मोर्चे पर उन्हें क्या करना है। वरना क्या वजह है कि कानूनी तौर पर शराब की बिक्री पर सख्त पाबंदी लागू है, लेकिन इसकी अहमियत सिर्फ दस्तावेजों में ही दिखती है। आए दिन ऐसे आरोप सामने आते हैं कि बिहार में शराब की कालाबाजारी होती है और जिसे जरूरत होती है, वह गैरकानूनी तरीके से इसे हासिल कर लेता है। सवाल है कि किसी भी व्यक्ति को ज्यादा कीमत चुका कर शराब कहां से मिल पाती है! आखिर शराब बेचने वाला कहीं से और किसी रास्ते से लेकर ही गया होता है! जो पुलिस और संबंधित महमके किसी बड़े इलाके के कोने में छिप कर चलाई जा रही गतिविधियों पर काबू पाने का दावा करते रहते हैं, उनकी नाक के नीचे अवैध रूप से शराब की खरीद-बिक्री कैसे चलती रहती हैं? दरअसल, केवल किसी मसले पर कानूनन प्रतिबंध की घोषणा से उस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकता। उसे लागू करने के लिए एक व्यापक तंत्र और उसके नियम-कायदों से ईमानदार सरोकार रखने वाले लोगों की जरूरत होती है। सही है कि बिहार में शराबबंदी से बड़ी तादाद में परिवारों को कुछ सामाजिक-आर्थिक समस्याओं से राहत मिली है। खासतौर पर महिलाओं ने इस बंदी का स्वागत इसलिए किया था, क्योंकि शराब की वजह से उनकी जिंदगी में बहुस्तरीय उत्पीड़न के हालात कमजोर हुए थे। लेकिन अगर अब भी इतनी आसानी से लोगों को न केवल शराब मिल रही है, बल्कि उसमें जहर मिला कर बेचने वाले भी कामयाब हो रहे हैं, तो यह विचार करने की जरूरत है कि इस मसले पर सरकार का फैसला कितना व्यावहारिक है।



# परिदृश्य

## पाबंदी और त्रासदी

बिहार में शराबबंदी को सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती है। लेकिन राज्य में अगर जहरीली शराब पीने से अक्सर लोगों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हों तो उसके लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा? वहां छपरा जिले के मशरक और इसुआपुर के डोइला गांव में मंगलवार की रात शराब पीने के बाद कम से कम बीस लोगों की जान चली गई। स्वाभाविक ही इस घटना पर न केवल राज्य में व्यापक चिंता जताई जा रही है, बल्कि एक बार फिर सरकार सवालों के कठघरे में है कि अगर वह शराब पर प्रतिबंध को समाज के हित में मानती है तो उसे ठीक से लागू करना किसकी जिम्मेदारी है! विडंबना यह है कि पिछले कुछ सालों में जहरीली शराब पीकर लोगों के मरने की घटनाओं का सिलसिला चल रहा है, लेकिन सरकार इस त्रासदी पर काबू पाने का कोई ठोस रास्ता नहीं निकाल सकी है। होता बस यह है कि जब भी जहरीली शराब से मौतों की कोई घटना तूल पकड़ लेती है, तब पुलिस-प्रशासन की ओर से सख्ती बढ़ाने की कवायद तेज कर दी जाती है, भविष्य में ऐसा नहीं होने देने का आश्वासन दिया जाता है। सच यह है कि कुछ दिनों की सक्रियता के बाद संबंधित महकमे शायद यह भूल जाते हैं कि इस मोर्चे पर उन्हें क्या करना है। वरना क्या वजह है कि कानूनी तौर पर शराब की बिक्री पर सख्त पाबंदी लागू है, लेकिन इसकी अहमियत सिर्फ दस्तावेजों में ही दिखती है। आए दिन ऐसे आरोप सामने आते हैं कि बिहार में शराब की कालाबाजारी होती है और जिसे जरूरत होती है, वह गैरकानूनी तरीके से इसे हासिल कर लेता है। सवाल है कि किसी भी व्यक्ति को ज्यादा कीमत चुका कर शराब कहां से मिल पाती है। जो पुलिस और संबंधित महमके किसी बड़े इलाके के कोने में छिप कर चलाई जा रही गतिविधियों पर काबू पाने का दावा करते रहते हैं, उनकी नाक के नीचे अवैध रूप से शराब की खरीद-बिक्री कैसे चलती रहती हैं? दरअसल, केवल किसी मसले पर कानूनन प्रतिबंध की घोषणा से उस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकता। उसे लागू करने के लिए एक व्यापक तंत्र और उसके नियम-कायदों से ईमानदार सरोकार रखने वाले लोगों की जरूरत होती है। सही है कि बिहार में शराबबंदी से बड़ी तादाद में परिवारों को कुछ सामाजिक-आर्थिक समस्याओं से राहत मिली है। खासतौर पर महिलाओं ने इस बंदी का स्वागत इसलिए किया था, क्योंकि शराब की वजह से उनकी जिंदगी में बहुस्तरीय उत्पीड़न के हालात कमजोर हुए थे। लेकिन अगर अब भी इतनी आसानी से लोगों को न केवल शराब मिल रही है, बल्कि उसमें जहर मिला कर बेचने वाले भी कामयाब हो रहे हैं, तो यह विचार करने की जरूरत है कि इस मसले पर सरकार का फैसला कितना व्यावहारिक है। राज्य में शराबबंदी को लागू करने के क्रम में जिस तरह भारी तादाद में लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के मामले सामने आए थे, उसे लेकर भी सरकार आलोचनाओं के घेरे में आई थी लेकिन आज भी हालत यह है कि अक्सर जहरीली शराब पीने से लोगों की जान जाने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में कुछ स्वाभाविक सवालों से परेशान होने के बजाय सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि शराबबंदी के बावजूद जिस तरह की त्रासदी और जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, उनसे समय रहते निपटा जा सके। वरना कहने को समाज के हित में लगाई गई पाबंदी कुछ लोगों के लिए त्रासदी साबित होती रहेगी।

# शिखर जी को पर्यटन क्षेत्र बनाने से बिफरा जैन समाज

## अनेक संगठनो ने दिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, सम्मेद शिखर जी को पवित्र क्षेत्र घोषित करने की मांग पर विशाल रैली निकाली

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**



झारखंड में स्थित जैन समाज के पवित्र तीर्थ क्षेत्र श्री तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी के एक भाग को वन आवरण पर्यटन क्षेत्र घोषित करने से आहत जैन समाज ने आज अपने प्रतिष्ठान बारह बजे तक बंद रखकर एक विशाल मौन रैली निकाली। जो सुधा सागरजी मांगलिक भवन सुभाष गंज मन्दिर से प्रारंभ होकर कलेक्टरेट पहुंची जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### पर्यटन नहीं पवित्र क्षेत्र घोषित करे सरकार

इसके पहले आज सुबह से ही गंज मैदान में जन समूह एकत्रित होने लगा जहां मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि जैनों के मुख्य तीर्थ सम्मेद शिखर जी की पवित्रता को नष्ट करने का कुचक्र रचा जा रहा है जिसे जैन समाज सहन नहीं करेगा। तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता बनाये रखने के लिए हम कुछ भी करेंगे 20 तीर्थंकर भगवन्तों की निवार्ण स्थली के साथ यह तीर्थ स्वस्त तीर्थ के रूप में अनाधिकाल से अहिंसा का सन्देश दे रहा है। शिखर जी को पर्यटन नहीं पवित्र क्षेत्र घोषित करें। तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघाई ने कहा कि आज जैन समाज शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध कर पवित्र क्षेत्र घोषित करने की मांग करने के समर्थन में विशाल मौन रैली निकाल रहा है । इसके बाद गंज मैदान से सुबह मौन रैली निकाली गई जिसमें पुरुषो के साथ महिलाओं व बच्चो ने भी सहभागीता की। यहां रैली आचार्य श्री विद्यासागर द्वार, भगवान महावीर मार्ग, रसीला चौराहा, रेस्ट हाउस, गांधी पार्क, मांडी रोड़, अस्पताल चोराहा, ईसागढ़ रोड़, महात्मा वाड़ा, तहसील होते हुए कलेक्टरेट पहुंची। जहां थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल, महामंत्री विपिन सिंघाई, समाज के प्रमुख रमेश चौधरी, मंत्री भानू चौधरी के साथ नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन की प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूपेंद्र सिंह यादव व झारखंड के नाम सौंपे गए ज्ञापन में संयुक्त रुप से पांच मांगों का समर्थन किया गया। इस अवसर पर श्री सकल दि. जैन समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इन बिन्दूओ की मांग रखी

1. 'पारसनाथ पर्वतराज' को वन्य जीव अभ्यारण्य, पर्यावरण पर्यटन के लिए घोषित इको सेंसिटिव जोन के अंतर्गत जोनल मास्टर प्लान व पर्यटन मास्टर प्लान, पर्यटन / धार्मिक पर्यटन सूची से बाहर किया जाएँ।
2. 'पारसनाथ पर्वतराज' को बिना जैन समाज की सहमति के इको सेंसिटिव जोन के अंतर्गत वन्य जीव अभ्यारण्य का 'एक भाग' और तीर्थ 'माना जाता है' लिखकर तीर्थराज की स्वतंत्र पहचान व पवित्रता नष्ट करने वाली झारखण्ड सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना क्र. 2795 (ई) दिनांक 02 अगस्त 2019 को अविलंब रद्द किया जाए।
3. 'पारसनाथ पर्वतराज' और मधुबन को माँस-मदिरा बिक्री मुक्त पवित्र **''जैन तीर्थस्थल''** घोषित किया जाए।
4. पर्वतराज की वन्दना मार्ग को अतिक्रमण, वाहन संचालन व अभक्ष्य सामग्री बिक्री मुक्त कर यात्री पंजीकरण, सामान जांच हेतु CRPF व स्कैनर, CCTV कैमरे सहित दो चेक पोस्ट चिकित्सा सुविधा सहित बनाये जाए।
5. पर्वतराज से पेड़ो का अवैध कटान, पत्थरों का अवैध खनन और महुआ के लिए आग लगाना प्रतिबंधित हो।

### हिन्दू संगठनों ने भी दिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा वरिष्ठ सामाजिक नेता रमेश नायक दशरथ सिंह, डा गंगराम यादव, ब्रह्मण्ण समाज के अध्यक्ष महेश शर्मा, धर्मेन्द्र रघुवंशी, हिन्दू संघ के सुनील रघुवंशी, राजू नामदेव, संजय रघुवशि, राहुल शर्मा, अशोक रघुवंशी, राजकुमार चौधरी ने ज्ञापन सौंपे इसके साथ ही दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल, उपाध्यक्ष गिरिश जैन, राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सौरव वाझल, मंत्री विनोद मोदी, राजेन्द्र हलवाई, आडिटर राजीव चन्देरी, जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन, कचनार जैन समाज के अध्यक्ष अरविंद जैन राजपुर, जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन रानी बहदुरपुर, अखाईखेडा समाज सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारीयों ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर ज्ञापन की प्रति सौंपी।

# दिगंबर जैन मुनि आचार्य 108 श्री चंद्र सागर जी महाराज को ओम जैन सर्राफ एवं माधुरी जैन सर्राफ ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया

**कोटा. शाबाश इंडिया**



गांधीनगर गुजरात मे दिगंबर जैन मुनि आचार्य 108 श्री चंद्र सागर जी महाराज को कोटा के समाज सेवी, इस युग की सर्वाधिक दीक्षा प्रदात्री, भारत गौरव सम्मान से सम्मानित, परम पूज्या, सिद्धांत रत्न, गणनी प्रमुख आर्यिका 105 श्री विशुद्धमति माताजी एवं परम पूज्या गणिनी आर्यिका प्रज्ञा पद्मनी आर्यिका 105 श्री विज्ञमती माताजी एवं ससंघ के परम भक्त एवं मां विशुद्धमति राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कोटा के संरक्षक एवं सलाहकार मंडल के सदस्य एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन कोटा (रजिस्टर्ड)के महासचिव एवं अग्रवाल डायमंड एंड ज्वेलर्स के चेयरमैन एवं श्री अग्रवाल एलिट क्लब के डायरेक्टर ओम जैन सर्राफ एवं माधुरी जैन सर्राफ ने गुजरात जाकर महाराज श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। जैन मुनि आचार्य 108 श्री चंद्र सागर जी महाराज ने कोटा से आए समाजसेवी ओम जैन सर्राफ व माधुरी जैन सर्राफ को यह बताया कि आज के युवाओं में धर्म के प्रति जो महत्वता कम होती जा रही है, उसके बहुत दुष्परिणाम हैं, और आगे भी होते रहेंगे। दिगंबर जैन होते हुए दिगंबर जैन धर्म का पालन नहीं करना, सबसे बड़ा दोष है, और इस दोष का निवारण दिगंबर जैन धर्म की भक्ति एवं प्रभावना से ही होगा। संसार में पुरुष एवं स्त्री दोनों ही धर्म की सूत्रधार होते हैं, और दोनों को ही अपने परिवार यानी बच्चों से धर्म का पालन खुद करवाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पति पत्नी दोनों को रोजाना मंदिर जाना चाहिए तभी बच्चों का भी मंदिर नियमित जाना होगा। जैन मुनि 108 आचार्य श्री चंद्र सागर जी महाराज ने कोटा से आए सर्राफ दंपति से यह भी कहा कि आज के युग में मां बाप बच्चों को उच्च पढ़ाई तो करवा लेते हैं, लेकिन संस्कारी नहीं बना रहे हैं, बच्चों को पढ़ाई करवाने के साथ-साथ संस्कारी भी बनाएं, और परिवार के पारंपरिक एवं परिवार के मूल्यों का महत्व भी सिखाएं। जैन मुनि आचार्य 108 श्री चंद्र सागर जी महाराज ने यह भी कहा कि संसार में एक धर्म ही केवल जैन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसकी प्रभावना से आप जियो और जीने दो का संदेश देते हैं, और अहिंसा के मार्ग पर चलने का भी आपको संदेश मिलता है।

# जैन तीर्थ सम्मेद शिखर जी को पवित्र क्षेत्र घोषित करने के लिए विशाल मौन जुलूस निकाला

## भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से दिया




राघौगढ़. शाबाश इंडिया

जैन समाज के सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पहाड़ जो कि झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले में स्थित है, यहां से जैन धर्म के 20 तीर्थंकर तपस्या करके मोक्ष गए हैं, इस पहाड़ को पर्यटन स्थल एवं वन्य जीव अभ्यारण बनाए जाने के विरोध में आज 16 दिसंबर को सकल जैन समाज राघौगढ़ जिसमें एनएफएल विजयपुर,साडा कॉलोनी, आवन, डोंगर आदि की जैन समाज सम्मिलित थी, विरोध प्रदर्शन किया। मौन जलूस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैनर एवं झंडे लेकर प्रारंभ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर मौन जलूस तहसील कार्यालय पहुंचा जहां भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन तहसीलदार संतोष धाकड़ राघौगढ़ के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि पारसनाथ पर्वत राज को वन्य अभयारण्य पर्यटन के लिए घोषित इको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत जोनल मास्टर प्लान व पर्यटन मास्टर प्लान धार्मिक पर्यटन सूची से बाहर किया जाए। पारसनाथ पर्वत राज को बिना जैन समाज की सहमति से इको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत वन्य जीव अभ्यारण का एक भाग और तीर्थ माना जाता है लिखकर तीर्थराज की स्वतंत्र पहचान पवित्रता नष्ट करने वाली झारखंड सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 2795 ई दिनांक 2 अगस्त 2019 को अभिलंब रद्द किया जाए।

## समाज सेवी गणेश जी राणा की स्मृति मे भक्तामर स्त्रोत पाठ का आयोजन 17 दिसम्बर को

जयपुर. शाबाश इंडिया

प्रमुख समाज सेवी, मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के परम शिष्य, मुनि भक्त, हंसमुख स्वभाव के धनी स्वर्गीय श्री गणेश राणा की द्वितीय पुण्यतिथि पर भक्तामर स्त्रोत पाठ का आयोजन किया जायेगा । राणा परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 17दिसम्बर शनिवार को सी स्कीम मे विद्या सागर यात्रा संघ जयपुर द्वारा संस्कृत व हिंदी मे तथा भजन गायक नरेंद्र जैन द्वारा संगीत के साथ प्रस्तुत किया जाएगा ।

## फागी में राजस्थान विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता गुलाबचंद कटारिया का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



फागी. शाबाश इंडिया। कस्बे में आज राजस्थान विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता एवं पूर्व गृह मंत्री राजस्थान सरकार गुलाबचंद कटारिया का जन आक्रोश रैली मालपुरा में जाते समय फागी पंचायत समिति प्रधान श्रीमती प्रेम देवी चौधरी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष रंगलाल गुर्जर की अगुवाई में पंचायत समिति के प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया, मिडिया के राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम में बनवारी स्वामी, महामंत्री सर्वेश्वर तिवारी ,शिवराज चोधरी, पचायत समिति के सदस्य हरिराम चोधरी पूर्व संरपच अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फिरोज खान, युवा मोर्चा महामंत्री गंगाराम गुर्जर, किशन प्रधान, राहुल सोनी, राजेंद्र कुमार बुहाडिया, शक्ति केंद्र संयोजक ऋषिकेश उभानिया, बूथ अध्यक्ष रूपनारायण गुर्जर, हनुमान सेन, बजरंग लाल पुरोहित व सभी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे ।


द्वितीय स्मरण दिवस
स्व.श्री गणेश जी राणा



आपकी मधुर मुस्कुरारट
आपकी जिंदादिली
आपके आदर्श व कर्त्तव्यनिष्ठा आपकी
ईश्वर भक्ति व गुरुसेवा
आपके सद्विचार आपका कठिन परिश्रम
आपका प्रेरणा दायक चरित्र
आपका सादा जीवन
हमारे प्रेरणा ऊर्जा एवं शक्ति है
द्वितीय स्मरण दिवस पर
आपको कोटि-कोटि
नमन
दिनांक 17 दिसम्बर, 2022

श्री भक्तामर स्तोत्र
का संस्कृत और हिन्दी में संगीतमय पाठ
पावन प्रस्तुतिः श्री विद्यासागर यात्रा संघ, जयपुर
एवं भजनों की अनूठी प्रस्तुति श्री नरेन्द्र जी जैन पार्टी द्वारा
शनिवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2022
समय : सायं 6.45 बजे से
स्थान : G-16, कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर (निवास स्थान)
आप सादर आमंत्रित है।
निवेदक : राणा परिवार

आपकी मधुर मुस्कुराहट
आपकी जिंदादिली
आपके आदर्श व कर्तव्यनिष्ठा
आपकी ईश्वर भक्ति व गुरुसेवा
आपके सद्विचार
आपका कठिन परिश्रम
आपका प्रेरणा दायक चरित्र
आपका सादा जीवन
हमारे लिए प्रेरणा
ऊर्जा एवं शक्ति है



द्वितीय स्मरण दिवस पर
आपको कोटि-कोटि नमन

**श्री गणेश राणा जी**

27.08.1949– 17.12.2020

ATUL

**पूर्णिमा हैण्डीक्राफ्ट्स प्रा.लि. | रघुराज एक्स्पोर्टस | पचौली, जयपुर**
**एवं समस्त राणा परिवार**

# संस्थान में ख़्याल गायन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर में ख़्याल गायन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 15.12.2022 से 17.12.2022 तक किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. वसुधा सक्सैना ने बताया कि इसमें प्रख्यात शास्त्रीय गायिका प्रो. (डॉ.) सुमन यादव विद्यार्थियों को ख़्याल गायन की बारीकियाँ सिखायेगीं। इसके अन्तर्गत प्रचलित रागों में विलम्बित व द्रुत ख़्याल सिखाये जायेगें। तबले पर श्री राजकुमार भट्ट द्वारा संगत की गई। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के विद्यार्थी दिव्यांश जैन एवं धर्मेश निमेश ने किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू जी को अंतर्मना महापारणा महाप्रतिष्ठा महामहोत्सव के लिए दिया विशिष्ट आमंत्रण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतर्मना महापारणा महाप्रतिष्ठा के भव्याति भव्य महामहोत्सव के लिए परम पूज्य साधना महोदधी उभयमासोपवासी अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज का विशेष आशीर्वाद और महामहोत्सव के अतिविशिष्ट अतिथि के रूप मे भारत के राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू जी को अपना सानिध्य प्रदान करने के लिए समिति की और विशिष्ट आमंत्रण प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया, यह हम सभी गुरु भक्तो व जैन समाज के लिए गौरव की बात है। **नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# नि :शुल्क बहुद्देश्यीय चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** इंद्रलोक सभागार, भट्टारक जी की नशियाँ में दि. जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर दिनाँक 25 दिसंबर 2022 को वीर ग्रुप के सौजन्य से होने वाले निःशुल्क बहुद्देश्यीय चिकित्सा शिविर के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन ने बताया इस अवसर पर महेंद्र पाटनी, सुरेंद्र पांड्या, अनिल जैन, नवीन सेन जैन, श्रीमती शशि सेन जैन, यशकमल अजमेरा, राजेश बड़जात्या, निर्मल संघी, पारस कुमार जैन, सुनील बज, पंकज जैन, श्रीमती शकुंतला बिंदायका, श्रीमती सुनीता गंगवाल, श्रीमती संगीता अजमेरा, श्रीमती सीमा बड़जात्या, रेखा जैन, कशिश जैन के साथ बड़ी संख्या में लॉगो की उपस्थिति रही।

# नगर गौरव शिष्य मुनि की जन्म नगरी बौंली में आचार्य श्री का मंगल प्रवेश 17 को

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवती आचार्य श्री शांति सागर जी की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परम्परा के पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिघि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का विहार श्री महावीर जी से किशनगढ़ की और संघ सहित चल रहा है। श्रावको के निवेदन आग्रह पर अपने प्रभावक परम शिष्य मुनि श्री हितेंद्र सागर जी की जन्म भूमि बौली में वात्सल्य वारिघि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का पहली बार संघ सहित 17 नवंबर को भव्य मंगल प्रवेश होगा। गुरुदेव के प्रथम नगर आगमन को लेकर जैन समाज ही नहीं संपूर्ण नगर उत्साहित हैं। समाज अध्यक्ष महेश जैन



ने बताया कि समाज के बाबूलाल, सुरेश चंद, महावीर, प्रदीप, जिनेंद्र, पदम सोगानी, ऋषभ, अशोक, अमोलक चंद, पूरणमल, संतोष, श्रीमती गुणमाला, विमलादेवी, संतोष, अनीता, अंकिता, शांति देवी ,चंदा देवी, प्रेमदेवी सहित सभी प्रथम प्रवेश को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर को जैन झंडे,फ्लेक्स बैनर से सजा रहे हैं।

# पावन तीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर जी की पवित्रता के लिए सड़कों पर उतरा जैन समाज का सैलाब, दिया ज्ञापन



## सम्मेदशिखर जी को पर्यटन क्षेत्र नहीं पवित्र क्षेत्र घोषित किया जाए सम्मेदशिखर हमारा है, हमें प्राणों से प्यारा हैजैसे नारों से किया गुंजायमान

**ललितपुर. शाबाश इंडिया।** जैन समाज का पावन वंदनीय तीर्थ सम्मेद शिखर जी जहां से 24 में से 20 जैन तीर्थंकर मोक्ष गये है, जैन समाज के लिए सदियों से वन्दनीय रहा है। प्रत्येक जैन इस तीर्थ की अधिक से अधिक वन्दना करता है, इस सम्मेद शिखर की सभी पर्वत श्रंखलाएं इतनी पवित्र मानी जाती है कि इस पर्वत की वन्दना करने जाते समय जैन श्रद्धालु चप्पल जूते भी धारण नहीं करते और उपवास रख कर वन्दना करते हैं। इस पवित्र तीर्थ भूमि का कण-कण पवित्र और पावन है, इस पावन क्षेत्र की वंदना करने के महत्व के बारे में कहा गया है -'एकबार वंदे जो कोई, ताहि पशु नरक गति नहीं होई'। इन दिनों प्रत्येक जैन समाज में चहुँओर सम्मेदशिखर की चर्चा है, उसका प्रमुख कारण है झारखंड सरकार की अनुसंशा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा 2 अगस्त 2019 को अधिसूचना जारी कर श्री सम्मेद शिखरजी को वन्य जीव अभ्यारण का एक भाग घोषित किया गया है जिसके कारण पर्यटन व गैर धार्मिक गतिविधियों की अनुमति दी गयी हैं, जैन समाज कभी भी अपने पावन पवित्र तीर्थ पर पर्यटन व गैर धार्मिक गतिविधियां नहीं चाहता। इस के लिए देशव्यापी श्री सम्मेद शिखर जी बचाओ आंदोलन पूरे देश में चल रहा है। पिछले दिनों जैन विश्व संगठन के संयोजककत्व में ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आंदोलन किया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों से लोगों ने पहुँचकर अपना विरोध दर्ज कराया। शुक्रवार को ललितपुर में पूज्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से ललितपुर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में विशाल जुलूस के साथ ज्ञापन दिया गया। सुबह 10 बजे सावरकर चौक स्थित अटा जैन मंदिर से ज्ञापन के लिए जुलूस शुरू हुआ जो घंटा घर होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचा। जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे, महिला पुरुष हाथों में तख्तियां लिए चल रहे थे जिनमें लिखा था- सम्मेदशिखर हमारा है, हमें प्राणों से प्यारा है, शिखर जी की स्वतंत्र पहचान का हनन ,अब नहीं होगा सहन। सर्वोच्च जैन तीर्थ क्षेत्र शिखर जी को पर्यटन क्षेत्र बनाए जाने की घोषणा वापस लो, सदियों से सम्मेदशिखर जैनियों का पवित्र क्षेत्र है। 20 जैन तीर्थंकरों की मोक्ष स्थली शिखर जी को वन्य जीव अभ्यारण घोषित करना स्वीकार नहीं। केंद्रीय वन-पर्यावरण मंत्रालय होश में आओ, तुगलगी नोटिफिकेशन रद्द करो। सम्मेदशिखर की पवित्रता से छेड़छाड़, नहीं सहेगा जैन समाज। जुलूस में महिलाएं, पुरुष गगनभेदी नारे लगा रहे थे, सम्मेदशिखर हमारा है, हमें प्राणों से प्यारा है , सम्मेदशिखर को पवित्र क्षेत्र घोषित करो, जैसे नारों से किया गुंजायमान कर अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता, व्यापार संगठन, प्रेस क्लब सहित अनेक गणमान्य लोग भी जुलूस में शामिल रहे। जैन पंचायत समिति के साथ ही 50 से अधिक संस्थाओं के लेटर पेड पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम अंकित ज्ञापन जैन पंचायत समिति द्वारा जिलाधिकारी को दिया।

# सकल जैन समाज भीलवाड़ा द्वारा विशाल मौन जुलूस निकाला



## तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** जैन धर्म की **आन-बान-शान** शाश्वत तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में आज सकल जैन समाज भीलवाड़ा द्वारा विशाल मौन जुलूस निकाला जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के महिला व पुरुष की उपस्थिति रही। प्रातः 10:00 बजे राजेंद्र मार्ग स्कूल से विशाल जुलूस निकला। जिसमें पुरुष श्वेत वस्त्र में महिला केसरिया परिधान में हाथों में तख्तियां एवं जैन ध्वज लिये चल रही थी । तख्तियां में सम्मेद शिखर बचाओ, धार्मिक स्थल घोषित करें, पर्यटन स्थल का कानून को रद्द करें के श्लोक लिखे गए थे। जुलूस राजेंद्र मार्ग स्कूल, सूचना केंद्र, बालाजी मार्केट,रेलवे स्टेशन होते हुए जिलाधीश कार्यालय तक पहुंचा। श्री वर्धमान स्थानकवासी संघ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चिपड़, सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष सोहनलाल गंगवाल, श्री तेरापंथ समाज अध्यक्ष जसराज चौड़िया, मूर्तिपूजक संघ समाज अध्यक्ष मुकुनराज बोहरा, सकल जैन समाज के संयोजक प्रवीण चौधरी ने जिला कलेक्टर को श्रीमती द्रोपदी मुमूर्जी राष्ट्रपति, नई दिल्ली, नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत सरकार नई दिल्ली, भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री- नई दिल्ली, हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री, झारखंड राज्य सरकार, रांची (झारखंड) के नाम ज्ञापन देकर मांग की की पारसनाथ पर्वत राज को वन्यजीव अभयारण्य, पर्यावरण पर्यटन के लिए घोषित



इको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत जोनल मास्टर प्लान व पर्यटन प्लान पर्यटन / धार्मिक पर्यटन सूची से बाहर किया जाए। ज्ञापन में बताया कि 20 जैन तीर्थंकरों और अनंत संतों की मोक्ष स्थल श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पर्वतराज गिरिडीह (झारखंड) की स्वतंत्र पहचान, पवित्रा और संरक्षण हेतू देशव्यापी श्री सम्मेद शिखर बचाओ आंदोलन के समर्थन मैं मांग की गई है। सकल जैन समाज के सभी जनों ने अपना कारोबार दिन के 12:00 बजे तक बंद रखा तथा सम्मेद शिखर बचाओ के तहत मौन जुलूस में सक्रियता से भाग लिया। श्री सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने का जो कानून बनाया है। उसके प्रति सकल जैन समाज में भयंकर रोष है।

# संगिनी जैन सोशयल ग्रूप मैन, उदयपुर की नवीन कार्यकारिणी का गठन




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** विज्ञान समिति सभागार, अशोकनगर में जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी मैन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। दिसम्बर माह की मासिक बैठक में अध्यक्ष उर्मिला सिसोदिया ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। चुनाव चयन समिति की अध्यक्ष शकुंतला पोरवाल ने अध्यक्ष पद पर डॉक्टर प्रमिला जैन को व सचिव स्नेहलता पोरवाल को मनोनीत किया। बोर्ड में कुल 21 संगिनी सदस्याओ की कार्य कारिणी का चयन व गठन हुआ। उर्मिला शिशोदिया अध्यक्ष, संगिनी-जैन सोश्यल ग्रुप मैन उदयपुर ने सभी को पुनः बहुत बहुत बधाइयाँ, ढेरों शुभकामनायें दी।






# कोटखावदा जैन समाज ने शाश्वत सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करने का किया विरोध

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया।

कोटखावदा। सकल दिगम्बर जैन समाज कोटखावदा एवं प्रबंधकारिणी समिति श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कोटखावदा ने झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित जैन समाज का शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करने पर नाराजगी जताई। जैन समाज के लोगों ने गुरुवार को तहसीलदार सृष्टि जैन व थाना प्रभारी, कोटखावदा को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर सम्मेद शिखर को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। प्रचार -प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि सम्मेद शिखर जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। 24 तीर्थकर में से 20 तीर्थंकर की मुक्ति /मोक्ष का स्थान रहा है। यह पवित्र तीर्थ स्थल झारखंड गिरिडीह जिले में पर्वत पर 4 हजार 450 फीट की ऊंचाई पर है। जहां जैन समुदाय के लोग 27 किलोमीटर पैदल चल कर पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। लेकिन झारखण्ड सरकार ने सम्मेद शिखर को तीर्थ स्थल की बजाय पर्यटन स्थल घोषित कर दिया है। इससे जैन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। युवा समाजसेवी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, झारखण्ड के मुख्यमंत्री के नाम भी ज्ञापन सौंपा है। जिसमें सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल की सूची में से हटाने की मांग की गई है। इस मौके पर समाज अध्यक्ष महावीर गंगवाल, महामंत्री दीपक वैद, कोषाध्यक्ष धर्म चंद्र वैद, अनिल जैन, रीतेश वैद, पंकज वैद, प्रवीण जैन, हेमराज जैन, चेतन गंगवाल, महिला मंडल सहित जैन समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

# जयपुर में निफ्ट की ओर से आयोजित करियर काउंसलिंग में स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह



अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया

जयपुर। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, (निफ्ट) जोधपुर की ओर से युवाओं के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन गुरूवार को जयपुर के विभिन्न विद्यालयों में किया गया। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) के निदेशक प्रोफेसर जीएचएस प्रसाद ने बताया कि काउंसलिंग में युवाओंमें खास उत्साह देखा गया। स्टूडेंट्स को फैशन, डिजाइन, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट सहित विभिन्न कॅरियर ऑप्शन की जानकारी दी गई । कॅरियर को लेकर की गई इस काउंसलिंग में निफ्ट की ओर से जयपुर आये डॉ मनीष शर्मा एवं डॉ महेंद्र दय्या ने बताया कि इस दौरान स्टूडेंट्स ने प्रवेश संबंधी विभिन्न कोर्स एवं पॉलिसी संबंधी जानकारी सहित डिजाइन, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट से जुड़े कॅरियर ऑप्शन को लेकर सवाल पूछे । राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से युवाओं के लिए एक दिवसीय निःशुल्क ओपन हाउस का आयोजन 16 दिसंबर को जयपुर के होटल सफारी में किया जायेगा। इस फ्री काउंसलिंग में स्टूडेंट्स को फैशन, डिजाइन, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट सहित विभिन्न कॅरियर ऑप्शन की जानकारी दी जाएगी, इस दौरान स्टूडेंट्स विशेषज्ञों से बातचीत कर सकते है । इसमें शामिल होने के लिए स्टूडेंट्स को निफ्ट के डॉ महेंद्र दय्या से 9785688044 इस मोबाइल नंबर पर अपनी डिटेल्स कॉल या व्हाट्सएप्प पर भेज कर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।

# पं. उदयलाल शास्त्री की प्रथम पुण्यतिथि पर 76 यूनिट रक्त एकत्र

## सभी रक्त वीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



बूंदी. शाबाश इंडिया

रूसा प्रभारी डॉ. बी.के. शर्मा, डॉ. दिलीप राठौड़ व ब्लड डोनर नर्सिंग ऑफिसर रामलक्ष्मण मीणा के सहयोग से रूसा व आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में बूंदी गवर्नमेंट कॉलेज के सेमिनार हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 76 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। रक्तदान की शुरूआत स्व.उदयलाल शास्त्री की तस्वीर पर प्राचार्य डॉ.एन.के. जैतवाल, डॉ.बी.के. शर्मा, डॉ. दिलीप राठौड़, डॉ. रघुराज परिहार, डॉ. राजेंद्र मीणा,प्रमोद दत्त राजौरा, हरिनारायण दाधीच, योगेंद्र जोशी,रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर व अतिथि गणों ने पुष्प अर्पित करके रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया। रक्त संग्रहित करने के लिए बूंदी ब्लड बैंक की टीम के स्टाफ डॉक्टर गजेंद्र व्यास, नर्सिंग ऑफिसर कैलाश वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर राम लक्ष्मण मीणा, लैब टेक्नीशियन जाकिर हुसैन, लैब सहायक दुष्यंत दीक्षित, काउंसलर किरण सुमन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शंभू, वाहन चालक आदिल व कन्हैया लाल ने 76 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

# सम्मेदशिखर की पवित्रता एवं शुद्धता को बरकरार रखें: ओम बिरला

## समग्र जैन समाज, भारत के प्रतिनिधिमंडल के आग्रह पर झारखंड के सीएम से की बात

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**



झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित जैन तीर्थ सम्मेदशिखर के मामले में समग्र जैन समाज, भारत के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने स्पीकर बिरला के समक्ष आशंकाएं जताते हुए इस स्थान की पवित्रता और शुद्धता को अक्षुण्णता बनाए रखने में सहयोग के लिए आग्रह किया।समग्र जैन समाज, भारत के अध्यक्ष तथा भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश जैन मडिया (कोटा) के नेतृत्व में स्पीकर बिरला से मिले प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बताया कि जैन धर्मावलंबियों के शाश्वत तीर्थराज कहे जाने वाला सम्मेदशिखर (पारसनाथ हिल) क्षेत्र समाज के 20 तीर्थंकरों का मोक्ष स्थल है, जिसको लेकर समाज के लोगों में गहरी आस्था है। वहां के क्षेत्र में अन्य गतिविधियों की स्वीकृति की आशंकाओं के चलते समाज के लोगों को में रोष है। इस पर स्पीकर बिरला ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बात की और उन्हें जैन समाज की भावनाओं से अवगत कराया। बिरला ने कहा कि सम्मेदशिखर तीर्थस्थल की पवित्रता और शुद्धता अक्षुण्ण बनी रहे। सोरेन ने बिरला को आश्वस्त किया कि सम्मेदशिखर की पवित्रता और शुद्धता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए वे स्वयं व्यवस्था करेंगे। बैठक में लोकसभा के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ महाजन ओ एस डी राजीव दत्ता तथा प्रतिनिधिमंडल के महामंत्री विनोद जैन टोरडी (कोटा), भा. दिग.जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल, ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष कमल बी जैन, शाश्वत तीर्थ सम्मेदशिखर के महामंत्री हसमुख जैन गाँधी इंदौर, दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मणिन्द्र जैन, बेलगाम महाराष्ट्र के विधायक संजय पाटील, आगरा के महापौर नवीन जैन, जैन समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष प्रकाश मोदी, श्रमण संस्कृति संस्थान जयपुर के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री संतोष जैन



(पेंढारी)नागपुर, अतिशय क्षेत्र गोलाकोट के अध्यक्ष शांति जैन दिल्ली, भा.दि. जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, के अध्यक्ष शिखर पहाड़िया मुंबई, महावीर जी तीर्थ क्षेत्र राजस्थान के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, जैन महासमिति मोदीनगर के संरक्षक सुशील जैन, दैनिक समाचार जगत के सम्पादक शैलेन्द्र गोधा (जयपुर), जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन



'चपलमन',अखिल कुमार जैन (हाथरस), एमपी अजमेरा (रांची), निर्मल सोगानी (जयपुर), ताराचंद जैन, (देव घर), विमल कुमार जैन (पटना), विवेक काला, (जयपुर), भव्य जैन (पारस चैनल दिल्ली), प्रवीन जैन (दिल्ली), सचिन जैन (दिल्ली), शरद जैन (दिल्ली), विनोद छाबड़ा (जयपुर), अभिनव जैन (सुप्रीम कोर्ट) उपस्थित रहे।

## भागवत कथा के होर्डिंग का हुआ विमोचन



**जयपुर।** नागरमल पिस्तादेवी मणकसिया चैरिटेबल ट्रस्ट व सुरेश ग्रुप की ओर से आगामी 20 से 26 दिगम्बर तक आदर्श नगर के सूरज मैदान पर भव्य भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में विष्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं का भागवत कथा का रसपान कराएंगी।इस आयोजन के होर्डिंग का विमोचन आज किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल,सचिव अरविन्द अग्रवाल, ट्रस्ट के सदस्य सुनील अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,योगेश बिंदल,राजेश अग्रवाल महिला ट्रस्ट सदस्य मंजू अग्रवाल,सरोज अग्रवाल,किरण अग्रवाल व गायत्री अग्रवाल भी मौजूद रहे। तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

## जेएसजी नार्थ के राहुल जैन अध्यक्ष, राजेंद्र जैन सचिव निर्वाचित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के 2023- 2025 के चुनाव दिनांक 15 दिसंबर 2022 को श्याम दरबार रेस्टोरेंट में संपन्न हुये। चुनाव अधिकारी संजय जैन ने बताया कि निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए :- राहुल जैन अध्यक्ष, सुनील सोगानी उपाध्यक्ष, राजेंद्र जैन सचिव, अनिल गदिया संयुक्त सचिव, संजय काला कोषाध्यक्ष, सुकेश काला संगठन मंत्री बने। इस अवसर पर मनीष झंझरी संस्थापक अध्यक्ष, अभय गंगवाल अध्यक्ष एवं नवीन कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित थे ।

# आत्मा के साथ संबंध केवल भगवान का है, कमल के समान हो हमारा जीवनः संतोषसागर महाराज



## सनातन धर्म भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का दूसरा दिन

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जीवन में सब कुछ पाना आसान है लेकिन सत्संग का सौभाग्य मुश्किल से मिलता है। ज्ञान के द्वारा ही परमात्मा को पहचाना जा सकता है। ज्ञान के आने पर अज्ञान नहीं रहता। सत्य को जानना ही ज्ञान है। उक्त विचार सनातन धर्मयात्रा के प्रणेता राष्ट्रीय युवा संत संतोषसागर महाराज ने शुक्रवार को भीलवाड़ा के शास्त्रीनगर स्थित जाट भवन में सनातन धर्म भागवत कथा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन व्यास पीठ से कथावाचन करते हुए व्यक्त किए। राजस्थान के 25 जिलों में सनातन धर्मयात्रा निकालने के बाद 26वें पड़ाव के रूप में भीलवाड़ा पहुंचे संतोषसागरजी महाराज ने कहा कि आत्मा के साथ संबंध केवल भगवान का है। जागे बिना 100 कथाएं सुनने पर भी जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आता लेकिन जागृत अवस्था में एक बात आपके जीवन में क्रांति ला सकती है। पूज्य संतोषसागर महाराज ने कहा कि हम संसार में है ये समस्या नहीं है लेकिन संसार हम में आ जाए तो यह विकृति है। इस विकृति को भागवत कथा के अलावा कोई अन्य दूर नहीं कर सकता। कथा के शुरू में भागवत जी की आरती व पूजा अग्रणी जजमान हेमराज बजाज, सागरमल राठी, राजेश सोमानी एवं रतनलाल बाहेती ने की। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम चांडक ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार आयोजन समिति के महासचिव शांति प्रकाश मोहता ने जताया।

## संगम स्कूल के विद्यार्थियों को निःशुल्क गीता वितरण

श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह पूज्य संतोषसागर महाराज ने संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (एसएसई) में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को श्रीमद् भागवत गीता का महत्व समझाते हुए इसे जीवन का अंग बनाने की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता कोई सामान्य ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन दर्शन को समझाने वाला महत्वपूर्ण ग्रंथ है। कार्यक्रम में संगम ग्रुप के प्रबंध निदेशक एसएन मोदानी, सनातन धर्म भागवत कथा समिति के अध्यक्ष श्याम चांडक, राधाकिशन सोमानी, दिनेश राठी, आदि मंचासीन थे।

# दौलत से भी ज्यादा कीमती है समयः आचार्यश्री सुनील सागर जी महाराज



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वैशाली नगर के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्यश्री सुनील सागरजी महाराज ने कहा कि की समय और धन हर व्यक्ति के पास होता है। व्यक्ति को पता होता है कि उसके पास कितना धन है,परंतु उसे यह पता नहीं होता कि, उसके पास समय कितना है। दौलत तो गिनता है पर उसके पास अपनी सबसे बड़ी दौलत है श्वास ,समय उसे नहीं मिल पाता। दौलत से भी ज्यादा कीमती है समय। आचार्यश्री ने कहा कि जीवन में इंसान आते हुए धन को तो देखता है। परंतु जाती हुई सांसों को नहीं देख पाता,इसलिए समय की कीमत जानो।इंसान के राग, द्वेष ,क्लेश में घंटे, दिन ,वर्ष निकल जाते हैं। उसी से अशुभ परिणाम बनते हैं। और कर्म बंध दे जाते हैं,जिस प्रकार धन को हिसाब करते हो उसी प्रकार आयुष्य की भी हर एक सांस को हिसाब करना चाहिए। मंदिर प्रबंध समिति की सुनीता व संतोष झांझरी ने बताया कि आचार्य श्री ने अपने उपदेश में कहा कि प्रातः काल की पूजा, अर्चना से जीवन में सुकून मिलता है आनंद सुख तो निज में है।निज स्वभाव की पहचान हो यही भावना। राहुल पाटनी, विशाल सोनी व बुद्धिप्रकाश जैन ने बताया कि इस अवसर पर गुलाबचंद अशोक बज व सुमेर हनी पाटोदी परिवार ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त किया।

# शाश्वत सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेदशिखरजी महातीर्थ बचाओ आन्दोलन के अन्तर्गत अजमेर में ऐतिहासिक महारैली सम्पन्न

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। जैन धर्म बढे चलो, के नारे के साथ तीर्थरक्षा संकल्प को लेकर धर्मनगरी अजमेर में सकल जैन समाज (दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज) अजमेर की सन्निधि में ऐतिहासिक महारैली का आयोजन आज दिगम्बर जैन महासंघ अजमेर के तत्वावधान मे हुआ। महारैली प्रात 10 बजे पंचायत छोटा धडा नसियां, दौलत बाग के सामने, अजमेर से प्रारंभ हुई जो सोनी जी की नसियां, आगरा गेट, नया बाजार चौपड, चूडी बाजार, कचहरी रोड होते हुये जिलाधीश कार्यालय पहुंची और माननीय जिला कलेक्टर महोदय को भारत के महामहिम राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, व केन्द्रीय पर्यटन विकास मंत्री, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा । दिगम्बर जैन



महासंघ, अजमेर के अध्यक्ष प्रमोदचंद सोनी ने कलेक्टर सा. को केन्द्र सरकार द्वारा झारखंड स्थित जैन धर्म की आस्था का केन्द्र 20 तीर्थंकर भगवान की मोक्ष स्थली शाश्वत श्री सम्मेदशिखर तीर्थ क्षेत्र को वन अभ्यारण घोषित करने के प्रकरण से अवगत कराया एवं सकल जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल प्रमोद सोनी,प्रकाश पाटनी, विजय जैन, हेमन्त जैन, नीरज जैन, पुखराज पहाडिया, लोकेश ढिलवारी, कमल गंगवाल, सुशील बाकलीवाल, नितिन दोसी, नरेन्द्र गोधा, वैभव जैन एडवोकेट, प्रदीप पाटनी,संजय कुमार जैन, प्रवीण गदिया, ब्र. सुकान्त भैया, मनीष गदिया, मिश्रीलाल गदिया, पदम चंद सोगानी, नितिन जैन पार्षद माणकचंद सिसोदिया, शिखरचंद सिंगी,गौरव लुहाडिया , पारसमल रांका, डॉ. जे.सी. वैद, डॉ. राजेन्द्र गोखरू, मुकेश करनावट, विनीत साहबजाज, मधु पाटनी, मोनिका जैन, चक्रेश जैन, रिखबचन्द सचेती, विक्रमसिंह पारख, ललित पाण्डया, विजय पाण्डया, अजय सेठी सुबोध पाटनी, राजीव जैन निराला, कोसिनोक जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा एंव ज्ञापन के अन्तर्गत श्री सम्मेदषिखरजी तीर्थक्षेत्र को पवित्र जैन तीर्थ घोषित करने व वन मंत्रालय की अधिसूचना को रद्द कर क्षेत्र को मांस, मदिरा बिक्री मुक्त क्षेत्र घोषित करने की मांग केन्द्र सरकार तक पहुंचाने का निवेदन किया।